संघर्षमय रहा है ब्रजवासी का शिक्षामित्र से विधान परिषद तक का सफर

– मनोज –

मुजफ्फरपुर। तिरहुत स्नातक चुनाव में प्रशासनिक हथकंडे और राजनीतिक दबाव को पीछे छोड़ते हुए शिक्षक नेता वंशीधर बृजवासी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक बार फिर से जीत दर्ज की है । संविधान की ताकत और राष्ट्रध्वज तिरंगा से प्राप्त आत्मबल के सहारे चुनावी रण में दम भरने वाले बंशीधर ने अंतत: जेडीयू-आरजेडी और जन सुराज पार्टी के उम्मीदवारों को हरा दिया।



वंशीधर अपने लड़ाकू स्वभाव के लिए जाने जाते रहे हैं और शिक्षक हितों के लिए निरंतर संघर्षरत रहे हैं। मौजूदा चुनाव में भी तमाम विरोधियों ने बंशीधर को जातीय गोलबंदी से लेकर राजनीतिक शिकंजे में कसने की पुरजोर कोशिश की मगर शिक्षकों के सम्मान और हक के लिए उनके संघर्ष ने न सिर्फ चुनावी होड़ में बनाए रखा बल्कि हर समुदाय के लोगों ने उनके लिए मतदान किया। जिसका नतीजा रहा कि सत्ताधारी जदयू,विपक्ष राजद और तेजी से उभर रहे जनसुराज की चुनौती को खारिज करते हुए बंशीधर बृजवासी ने फिर से जीत की बंसी बजा दी। उन्होंने खुद भी माना कि यह उनके संघर्ष और लोगों के विश्वास की जीत है। अन्यथा हर तरह का षड्यंत्र उन्हें पराजित करने के लिए रचे गए थे।

इस परिणाम से लोगों में खुशी है दूसरी ओर तिरहुत स्नातक चुनाव के परिणाम ने जेडीयू, आरजेडी से लेकर प्रशांत किशोर तक की नींद उड़ा दी है। क्योंकि इस चुनाव में प्रदेश स्तर पर एक ऐसा नेता खड़ा हो गया है, जो युवाओं की आवाज को विधान परिषद में उठाएगा। वैसे भी जीत का प्रमाण पत्र मिलते हैं वंशीधर ने बिहार के शिक्षा मंत्री को आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया है।

कभी बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव रहे केके पाठक से ही पंगा लेकर सुर्खियों में आए थे और उन्होंने संघर्ष के रास्ते ही शिक्षामित्र से लेकर विधायकी तक का सफर तय किया है। शिक्षक नेता वंशीधर बृजवासी हमेशा शिक्षकों के हित में आवाज उठाते रहे हैं. केके पाठक से उनका टकराव जगजाहिर है।

उनसे टकराने के बाद ब्रजवासी को सस्पेंड कर दिया गया था।सीतामढ़ी में जानकी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए स्थानीय स्तर पर मांग का ख्याल रख सदन में वंशीधर ब्रजवासी ने प्रमुखता से आवाज उठाई और जमीन चिन्हित करने या उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा एवं पत्राचार किया इसके बाद सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद ठाकुर ने हाल ही में कहा है कि जो लोग विश्वविद्यालय के लिए जमीन देना चाहते हैं, वे जिला पदाधिकारी को पत्र लिखें ताकि इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया जा सके।इस चुनाव में जहां एनडीए की ओर से जेडीयू के अभिषेक झा मैदान में थे, वहीं महागठबंधन की ओर से आरजेडी के रश्मि विनायक गौतम और जनसुराज के विनायक मोहन चुनावी मैदान में थे. इनके अलावा कई शिक्षक नेता, कारोबारी, इंजीनियर और राजनीतिक क्षेत्र के बागी भी चुनावी मैदान में उतरे थे, लेकिन शिक्षक संघर्ष से अपनी पहचान बनाने वाले वंशीधर ब्रजवासी ने सबको पछाड़ते हुए तिरहुत चुनाव में लगातार दूसरी बार मैदान मार लिया है।

वंशीधर बृजवासी स्वभाव से लड़ाकू है और संघर्ष के प्रतीक रहे हैं। जब केके पाठक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव थे, उनके खिलाफ कोई खड़ा होने की सोच भी नहीं सकता था तब शिक्षकों के हित के लिए बंशीधर उनके भी सामने खड़े हो गए थे, जिसकी वजह से उनको सस्पेंड कर दिया गया. इसके बावजूद उनके तेवर में कोई कमी नहीं आई. वो लगातार सड़कों पर शिक्षकों और स्नातकों की आवाज उठाते रहे, जिसका नतीजा ये रहा कि उनको एमएलसी चुनाव में भारी जन समर्थन मिला।

लूट की साजिश में सारण में पकड़े गए युवकों के पास से मुजफ्फरपुर से चोरी की बाइक बरामद

छह साल बाद मालिक का चला पता

मुजफ्फरपुर । सारण जिले के भगवानपुर बाजार थाना क्षेत्र में सीएसपी लूट की साजिश बनाते पकड़े गए पांच युवकों के पास से बरामद अपाचे बाइक मुजफ्फरपुर से चोरी की निकली। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर की जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद पुलिस ने चेचिस नंबर के आधार पर वाहन मालिक का पता लगाया। बाइक मुजफ्फरपुर नगर थाना क्षेत्र के केदारनाथ रोड निवासी रतन कुमार की निकली। शुक्रवार को भगवान बाजार थाना पुलिस ने मुजफ्फरपुर पहुंचकर केदारनाथ रोड इलाके में रतन कुमार से पूछताछ की। इस दौरान रतन कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी अपाचे बाइक वर्ष 2020 में ही चोरी हो गई थी। इसके बाद से बाइक का कोई पता नहीं चला था। भगवान बाजार पुलिस के अनुसार, सिवान के महाराजगंज में सीएसपी लूट की योजना बनाते हुए पांच युवकों को 17 जनवरी 2020 को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से बरामद अपाचे बाइक पर क्रमश: BR29 3694 नंबर अंकित था। जांच में नंबर संदिग्ध मिलने पर पुलिस ने चेचिस नंबर के आधार पर जिला परिवहन कार्यालय से वाहन का विवरण निकलवाया। इसमें बाइक का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर क्रमश: BR06 1711 और मालिक का नाम रतन कुमार सामने आया।इसके बाद भगवानपुर बाजार थाना पुलिस ने नगर थाना मुजफ्फरपुर से संपर्क कर वाहन मालिक का भौतिक सत्यापन कराया। करीब छह साल पहले चोरी हुई बाइक के बरामद होने से पुराने चोरी के मामले की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस अब बाइक के इस्तेमाल और उसके आरोपितों से जुड़े अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है।

भारत की जनगणना के द्वितीय चरण को लेकर प्रशिक्षण शुरू

मुजफ्फरपुर। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या परिगणना) के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु जिला/चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों एवं अन्य शासकीय सेवकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को समाहरणालय कक्ष, प्रथम तल, मुजफ्फरपुर में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी कुमार गौरव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी/कार्यपालक पदाधिकारी एवं अपर चार्ज पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य शासकीय सेवक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सटीक, सूक्ष्म एवं त्रुटिरहित तरीके से भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराना है। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनगणना कार्य के व्यापक प्रचार-प्रसार से संबंधित सभी चार्ज पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि आम नागरिकों को स्वयं गणना सहित जनगणना की पूरी प्रक्रिया के संबंध में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
(E-mail:- shlcdaurangabad@gmail.com)

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1178 दिनांक 14.10.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2026-27 जिसका PR No. 013920(WRD) 2026-27 में आंशिक संसोधन किया जाता है, जो निम्न प्रकार हैं–

1. क्र0 सं0 20, 21 एवं 31 को विलोपित समझा जाय।
2. क्र0 सं0 01 में दर्ज कार्य के समाप्ति का समय **माह मार्च 2027 के पूर्व** के स्थान पर **माह मार्च 2027** समझा जाए।
3. जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 686 दिनांक 19.08.2014 एवं पत्रांक 200 दिनांक 14.03.2016 के अनुरूप दस्तावेज देना अनिवार्य होगा। जो निम्नवत् हैं–

(i) निम्न आशय का शपथ–पत्र (निविदा निर्गत करने की तिथि के बाद का निर्गत) अपलोड करना अनिवार्य हैं। जो इस प्रकार है–

"I the undersigned, do hereby certify that all the statement made in the required attachments are true and correct and if found fake/forged, the undersigned will be liable for infliction upon the F.I.R. and lawful punishment as well as black listing."

(ii) Availability of Key Personnel प्रमाण–पत्र / शपथ–पत्र।
(iii) Availability of key Equipment (Either owned or Leased or by Procurement) प्रमाण–पत्र।
(iv) Similar Nature of work(minimum 10% of Estimated Amount) Minimum one similar work का कार्यपालक अभियंता से निर्गत प्रमाण–पत्र।

शेष सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेगी। निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(ई0 नवल किशोर कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल,औरंगाबाद।

PR- 014444 (W R D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

सुरक्षा कंपनी एसआईएस के संस्थापक पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिंहा के निधन पर शोक की लहर

मुजफ्फरपुर। तिरहुत कॉलेज आफ फिजिकल एजुकेशन के वरिष्ठ शासी निकाय सदस्य, एशिया पैसिफिक की सबसे बड़ी सुरक्षा कंपनी एसऊआईज़एस के संस्थापक अध्यक्ष ,भाजपा के संस्थापक सदस्य व पूर्व राज्य सभा सांसद आर. के. सिन्हा के निधन पर महाविद्यालय में शुक्रवार को कार्यकारी सचिव मनीष कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ शक्तिवान सिंह,प्रो बिरेंद्र यादव,प्रो दिनेश श्रीवास्तव,प्रो रंजन कुमार,संजय कुमार, ऋतुराज,विनय कुमार, गौतम कुमार,, संजीत, विजय कपूर आदि लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। इधर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने भी पूर्व राज्यसभा सदस्य आरके सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।



पुलिस की गाड़ी टकराई बिजली के खंभे से, तीन पुलिसकर्मी घायल

मुजफ्फरपुर । मुसहरी थाना की सूमो गाड़ी शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में गाड़ी पर सवार तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के संबंध है बताया जाता है कि पुलिस गश्ती कर रही गाड़ी अचानक बेकाबू हो गई और माणिका चौक के निकट एक बिजली के खंभे से टकरा गई इस दुर्घटना से बिजली का खंभा उखड़ गया। हालांकि इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी लेकिन गाड़ी पर सवार पुलिसकर्मी घायल हो गए।

केंद्रीय कारा में अहले सुबह छापेमारी, कैदियों और जेल प्रशासन में हड़कंप

कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं : एसएसपी

मुजफ्फरपुर । जिला प्रशासन की उपस्थिति में शुक्रवार की अहले सुबह शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा छापेमारी से हड़कंप मच गया। डीएम और एसपी के पूरे लाल लश्कर के साथ जेल गेट पर पहुंचने की खबर मिलते ही जेल प्रशासन और कैदियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि सुबह करीब तीन बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में जिला प्रशासन और पुलिस के करीब 150 जवानों ने जेल परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। अचानक हुई इस छापेमारी से जेल के अंदर बंद कैदियों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के बीच हलचल तेज हो गई। सूचना के अनुसार जिलाधिकारी कुमार गौरव और पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने जेल में प्रवेश किया। इनके साथ सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी, चार डीएसपी और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। अधिकारियों की दर्जनों गाड़ियां एक के बाद एक जेल परिसर में पहुंचीं और इसके बाद अलग-अलग हिस्सों में तलाशी अभियान शुरू किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने जेल परिसर में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। कैदियों के वार्ड और अन्य निर्धारित स्थानों की तलाशी ली गई। अचानक इतनी बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों और जवानों के पहुंचने से जेल परिसर में हलचल मच गई। हालांकि, घंटों तक चली तलाशी के बावजूद पुलिस को किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस कप्तान कांतेश कुमार मिश्रा ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुरुवार की अहले सुबह करीब तीन बजे जिलाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में छापेमारी की गई। इस दौरान कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

इस छापेमारी के बीच गोविंद हत्याकांड का मामला भी चर्चा में है। इस हत्याकांड के आरोपी फिलहाल मुजफ्फरपुर के शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में बंद हैं। पुलिस की ओर से इन आरोपियों को दूसरे जिलों की जेलों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया भी चल रही थी।जानकारी के मुताबिक, अब आरोपियों को अलग-अलग जिलों की जेलों में शिफ्ट करने की अनुमति मिल चुकी है। इसके बाद जल्द ही उन्हें मुजफ्फरपुर जेल से निकालकर अन्य जेलों में भेजने की कार्रवाई की जा सकती है।पुलिस प्रशासन का यह कदम जेल के भीतर आरोपियों के आपसी संपर्क और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े पहलुओं के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, आरोपियों को स्थानांतरित करने की विस्तृत वजहों को लेकर आधिकारिक तौर पर अलग से जानकारी सामने नहीं आई है। केंद्रीय कारा में हुई इस अचानक छापेमारी को जेल की सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि तलाशी के दौरान कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। वहीं, गोविंद हत्याकांड के आरोपियों को अलग-अलग जिलों की जेलों में भेजने की तैयारी से आने वाले दिनों में मुजफ्फरपुर जेल प्रशासन की गतिविधियां भी बढ़ सकती हैं। अब देखना होगा कि आरोपियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया कब तक पूरी होती है और जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन आगे क्या कदम उठाता है।

BIHAR RAJYA BEEJ NIGAM LIMITED
(A Govt. of Bihar Undertaking)
An IS/ISO 9001:2015; IS/ISO 14001:2015; IS/ISO 37001:2016 Certified Company
3rd Floor, Krishi Bhawan, Mithapur, Patna-800001 (BIHAR)
Telephone: 0612 2547066 website: brbn.bihar.gov.in e-mail: brbn.bih.mail@gmail.com
CIN : U01111BR1977SGC 001294

NOTICE INVITING TENDER- Processing- 01/2026-27
Through e-Procurement mode only over https://Eproc-2.bihar.gov.in/Beltron

Bihar Rajya Beej Nigam Ltd. invites under two bid systems from Reputed/Authorized Labour contractor for handling and processing of Raw seed approx 3.00 Lakh (Three lakh) Quintal annually.

1. Date of Downloading of Tender Document- **From 29.10.2026 to 20.11.2026**
2. Date of Pre-bid meeting on **05.11.2026 at 3:00 PM** (Tenderers may present in meeting for any queries/discussion at Bihar Rajya Beej Nigam Limited Patna).
3. Date of Submission/Uploading of Tender- U**pto 20.11.2026 at 3:00 PM**
4. Date & Time for opening of Technical Bid- **20.11.2026 at 5:00 PM**
5. Contact Person/Nodal Officer for queries- Name- Sri Rabindra Kumar Verma, Chief of Processing, Mob-9431266889
6. Financial Bid opening date - To be notified after technical bid.
7. Validity of Tender-01 (one) Year.
8. For details, please visit the website:-
9. **brbn.bihar.gov.in**
10. https://state.bihar.gov.in/main/CitizenHome.html
11. **https://eproc2.bihar.gov.in**

Managing Director
Bihar Rajya Beej Nigam Ltd

PR- 014504 (B & C) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

कुशल टेक्नीशियन की कमी से सीएचसी में एक्स-रे कार्य बाधित

साहेबगंज (आससे) । नगर परिषद साहेबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों बाद ओ पी डी में मरीजों को एक्सरे करवाने की सुविधा मिली ।लेकिन एक्सरे टेक्नीशियन की कार्यकुशल नहीं होने के कारण मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ।सी एच सी साहेबगंज के आउटडोर में कार्यरत चिकित्सक के अनुशंसा पर प्रतिदिन 10 से 15 मरीजों का औसतन एक्सरे होता है ।लेकिन अस्पताल के एक्सरे प्रिंट के काला होने के कारण ड्यूटी में तैनात चिकित्सक मरीज को बाहर से एक्सरे करवाने को बोलते है ।आखिर अस्पताल में एक्सरे करवाने से मरीजों को क्या फायदा ? साहेबगंज आशा पट्टी के सोनू कुमार राम का हथेली के पास की हड्डी सड़क दुर्धटना में टूट गई ।गुरुवार को सुबह 9 बजे सी एच सी के आउटडोर में बैठे चिकित्सक ने एक्सरे लिखा ।अस्पताल में एक्सरे कक्ष में उपस्थित टेक्नीशियन गौतम कुमार ने घायल का एक्सरे किया ।आउट डोर में बैठे चिकित्सक डा ए रहमान ने एक्सरे को काला बताया ।और कहा कि एक्सरे ठीक नहीं है ।बाहर से करवा कर लाए ।घायल ने बाहर से एक्सरे करवाया ,तब चिकित्सक ने एक्सरे देखने के बाद दवा लिखी और प्राथमिक उपचार किया ।

इस बावत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा गणेश कुमार गौतम ने बताया कि जिला को सूचित किया गया है ।जिला से इंजीनियर आकर देखेंगे कि एक्सरे प्रिंट काला क्यों हो रहा है ।वही एक्सपर्ट का कहना है कि बिजली या जेनरेटर से एक्सरे मशीन को सही ढंग से बिजली की आपूर्ति नहीं मिलने पर भी प्रिंट सही नहीं निकलेगा ।वही अस्पताल में ही कार्यरत एक दूसरे टेक्नीशियन मनीष कुमार ने बताया कि डार्क रूम में एक्सरे की सफाई हेतु जो केमिकल तैयार किया जाता है ,सही ढंग से केमिकल तैयार नहीं होने पर एक्सरे प्रिंट काला पड जाता है । बहरहाल वर्षों की मांग के बाद साहेबगंज अस्पताल में एक्सरे होना प्रारंभ हुआ ।लेकिन प्रिंट सही नहीं निकलने से मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है ।

भगदड़ में मौत के शिकार हुए अभिषेक के परिजनों से मिले बंगाल के मंत्री

अनुग्रह राशि के रूप में 50 लाख का चेक प्रदान किया

मुजफ्फरपुर। पश्चिम बंगाल के चोरबगान में दुर्गा पूजा के दौरान भगदड़ हादसा में मुजफ्फरपुर निवासी मृतकों अभिषेक और आयांश (पिता पुत्र) के परिजनों से शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संसदीय कार्य एवं शहरी विकास व नगर पालिका विभाग के मंत्री उमेश राय मिले और अनुग्रह राशि के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पीड़ित परिवार को 25-25 लाख के दो चेक प्रदान



किया। मौके पर उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस राशि से पीड़ित परिवार के खालीपन की कमी को तो पूरा नहीं कर सकते लेकिन अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन संवेदी होकर कर सकते हैं। इससे पहले जिला प्रशासन ने प्रोटोकॉल के तहत बंगाल के मंत्री का अभिनंदन किया वहीं मौके पर भाजपा के नगर विधायक रंजन कुमार ने पश्चिम बंगाल के मंत्री उमेश राय की अगुवाई की मौके पर भाजपा नेता जिला अध्यक्ष विवेक कुमार महामंत्री मनोज तिवारी समेत और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

समाहरणालय, सहरसा
(जिला नजारत शाखा)
बिहार सरकार
Email ID:- zilanazaratsaharsa@gmail.com
–:: अल्पकालीन निविदा ::–

श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव–2026 के आयोजन से संबंधित निविदा

दिनांक 19, 20 एवं 21 नवम्बर–2026 को राजकमल क्रीड़ा मैदान, महिषी, सहरसा में आयोजित श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव, महिषी, सहरसा के अवसर पर टेन्ट, पंडाल, शामियाना, जेनरेटर सेट एवं अन्य विद्युत सामग्रियों को भाड़े पर लेने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों के लिए इच्छुक GST/निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ता से जिलाधिकारी, सहरसा को संबोधित दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित शर्तों पर दिनांक– 07.11.2026 के अपराह्न 02.00 बजे दिन तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 03.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोली जायेगी। निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उक्त अवसर पर अवश्य उपस्थित रहेंगें। सामग्रियों/सेवाओं का सूची निम्न प्रकार से है:–

Section- A

For logistic items/Services for cultural program & Seminar (At Mahishi village Raj Kamal playground) Date 19 to 21 Nov. 2026 (03 दिवसीय)

Section- B. (Date 19 to 21Nov. 2026)

1.विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए जिला नजारत शाखा, सहरसा/जिला के वेवसाईट https://saharsa.nic.in पर उपलब्ध है।
विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

जिलाधिकारी,
सहरसा।

PR- 014553 (District) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

फिडे रेटिंग सीनियर शतरंज प्रतियोगिता आज से

मुजफ्फरपुर। अखिल बिहार शतरंज संघ एवं मुजफ्फरपुर जिला शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में मुजफ्फरपुर के रामदयालु स्थित चंद्रविला विवाह भवन में कल से बिहार राज्य फिडे रेटिंग सीनियर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बिहार राज्य के 30 जिलों के लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

बटलर रोड पर बेहोशी की हालत में मिली पॉलीटेक्निक की छात्रा

मुजफ्फरपुर। काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के बटलर रोड में शुक्रवार को बेला महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज की एक छात्रा बेहोशी की हालत में मिली। छात्रा के एसिड पीने की बात सामने आई है। उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। फिलहाल एसकेएमसीएच के आइसीयू में उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, बटलर चौक के एक दुकानदार ने छात्रा को अर्धबेहोशी की हालत में देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद काजीमोहम्मदपुर थाने की डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और उसे तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया। छात्रा मूल रूप से बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गांव की रहने वाली है। वह पिछले तीन वर्षों से मुजफ्फरपुर में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार, छात्रा ने अपने हाथ पर एक मोबाइल नंबर लिख रखा था ।जब उस मोबाइल नंबर पर बात हुई तो वह नंबर उसके पिता का था। पिता से बातचीत में पता चला कि छात्रा दुर्गापूजा के बाद बक्सर से मुजफ्फरपुर आई थी। शुक्रवार सुबह उसने अपने पिता को फोन कर तबीयत ठीक नहीं होने की बात कही थी। साथ ही घर आने की इच्छा जताई थी। इस पर पिता ने उसे हॉस्टल की वार्डन से बात कराने को कहा। वार्डन ने बताया कि दो नवंबर से उसकी परीक्षा है, ऐसे में अभी घर जाना संभव नहीं है। इसके बाद पिता ने उसे दवा लेकर आराम करने की सलाह दी थी। पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि छात्रा बटलर रोड कैसे पहुंची और उसने खुद एसिड का सेवन किया या किसी ने उसे जबरन पिलाया। डायल 112 टीम के अनुसार, छात्रा के पास से कोई मोबाइल फोन भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। स्वजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।स्वजन बक्सर से मुजफ्फरपुर के लिय निकल चुके हैं।पुलिस का कहना है कि छात्रा के होश में आने और बयान दर्ज होने के बाद घटना की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

शराब के नशे में गाली देने से मना करने पर 70 वर्षीय बुजुर्ग को पीट कर किया घायल

मुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र के पताही रूप डुमरी में गाली-गलौज करने से मना करने पर एक पाटीदार अमित कुमार ने 70 वर्षीय बुजुर्ग के साथ मारपीट की। आरोपित ने बुजुर्ग को कॉलर पकड़कर जमीन पर पटक दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में गांव के रामजनीश राय ने सदर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।आवेदन के अनुसार, 29 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे उनके पाटीदार अमित कुमार शराब के नशे में उनके घर पहुंचे। इस दौरान वह उनकी मां-बहन को लेकर अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए।

आरोप है कि अमित ने उनका कॉलर पकड़कर जमीन पर पटक दिया। शोर सुनकर घर के अन्य सदस्य पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया।इसके बाद बुजुर्ग ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपित को अपने साथ थाने ले गई। आवेदन में बताया गया है कि जांच के दौरान आरोपित शराब के नशे में पाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भोजपुर समाहरणालय, आरा
(जिला विधि प्रशाखा)
बिहार सरकार
आवेदन आमंत्रण सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी0ब्लू0जे0सी0नं0–19276/2019 (क्रिमी0 मिस0 नं0–28530/2019 में पारित आदेश दिनांक–21.08.2019 से उद्धभूत) में दिनांक–15.05.2026 को पारित आदेश एवं सरकार के संयुक्त सचिव, विधि विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–5913 दिनांक–23.07.2026 के आलोक में उत्पाद न्यायालय के संचालन हेतु निजी भवन को किराये पर लेने की आवश्यकता है। मुख्य वास्तुविद, भवन निर्माण, विभाग, बिहार पटना द्वारा अनुमोदित वास्तुविदीय नक्शे के समरूप कोर्ट भवन होना ऐच्छिक है, जो निम्न प्रकार है:–

- Building Area Required - 100' x 50'
- Floor Required - G+2
- Ground Floor - Parking with Guard Room
- 1st Floor - 3BHK
  a. Hall Size- 50'X30'
  b. Room Size- 16'x16'
  c. Room Size- 30'x20'
  d. Room Size- 16'x16'
  e. Toilet (Male, Female, Transgender & PH)
- 2nd Floor - Same as 1st Floor

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।

PR- 014495 (District) 2026-27
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार
कार्यालय का नाम– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।
निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
NIT No- 05/2026-27
निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से 70.00 लाख तक की राशि के कार्यों के लिए (डबल बीड पद्धति)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक– 26/10/2026
3. संवेदक द्वारा निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि – दिनांक– 08/11/2026 को समय –11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक– 12/11/2026 को समय –11:00 से 14:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, सभाकक्ष, नगर पंचायत, चौसा।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक– 17/11/2026 समय– 05:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक– 19/11/2026 समय– 03:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत
8. **कार्य की विवरणी–**

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website: - www. Eproc2. bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website: - www.Eproc2. bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर पंचायत चौसा अन्तर्गत (1) बक्सर–सासाराम मुख्य पथ से मेराज रजक के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण कार्य (2) बक्सर–सासाराम मुख्य पथ से मेराज रजक के घर होते हुए संतोष माली के घर तक आर0सी0सी0 नाली सह स्लैब निर्माण कार्य।	29,37,900.00	58,800.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month
2	नगर पंचायत चौसा कार्यालय के सामने बक्सर चौसा मार्ग पर सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य।	49,46,600.00	93,000.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month
3	नगर पंचायत चौसा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड सं0–14 में न्यायीपुर में बैजनाथ राम के घर से मीरा देवी, चन्द्रमा राम के घर से गाँधी राम के घर होते हुए जर्नार्दन राम के घर तक, रामजस राम के घर से बेचु राम, व्यास जी राम, मुंगी राम के घर होते हुए सनोज गोड़ के घर तक एवं अमीरचन्द अरुण मास्टर के घर तक एवं अन्य गलियों का नाली एवं पी0सी0सी0 निर्माण कार्य।	46,35,900.00	92,800.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in
09. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा state.bihar.gov.in/prdbihar मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, चौसा।

PR- 014462 (B & C) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।